अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि IAS / PCS ACADEMY

at a glance...

# DAILY CURRENT *Analysis*

## TOP 10 NEWS With MCQs

## 13 MAR. 2023

IAS | PCS
BANK | SSC
RAILWAY
S-TET | UPSI
STATE EXAMS

### प्रमुख बिन्दु

- राष्ट्रीय समाचार
- अंतर्राष्ट्रीय समाचार
- खेल-कूद
- पुरस्कार/सम्मान
- महत्वपूर्ण दिवस
- बैंकिंग व अर्थव्यवस्था
- नव नियुक्तियाँ
- निधन
- विज्ञान व प्रौद्योगिकी
- विविध घटनाएँ

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **नितिन गडकरी ने मध्यप्रदेश के रीवा में 7 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्धघाटन किया**



- केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मध्यप्रदेश के रीवा में 204 किलोमीटर की कुल लंबाई वाली 2444 करोड़ रूपये की 7 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्धघाटन किया।
- गडकरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि चुरहट सुरंग और बाईपास बनने से रीवा से सीधी के बीच की दूरी 7 किलोमीटर कम हो गई है।
- अब यह सफर ढाई घंटे की बजाय 45 मिनट में ही पूरा किया जा सकेगा।

2. **जापान, अमेरिका, दक्षिण कोरिया और ताइवान ने आपूर्ति श्रृंखला के लिए चिप 4 वार्ता शुरू की**



- हाल ही में जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका, दक्षिण कोरिया और ताइवान ने सेमीकंडक्टर की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद करने के लिए एक नए अमेरिकी नेतृत्व वाले ढांचे के तहत वरिष्ठ अधिकारियों की पहली बैठक आयोजित की इन चार अर्थव्यवस्थाओं के उद्योग संगठनों के अधिकारियों ने प्राकृतिक आपदाओं और अन्य आकस्मिकताओं के समय आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन बनाए रखने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए चिप 4 गठबंधन के आभासी सम्मेलन में भाग लिया।

3. **भौगोलिक संकेत प्राप्त उत्पादों में कांगड़ा चाय भी शामिल**



- भारत में अब तक कुल 429 भौगोलिक संकेतक पंजीकृत किए गए हैं, जिनमें 31 विदेशी उत्पाद शामिल है।
- भौगोलिक संकेत प्राप्त उत्पादों में कांगड़ा चाय भी शामिल है।
- कांगड़ा चाय भारत के हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले की एक चाय है।
- विश्व व्यापार संगठन के दायित्व का पालन करने के लिये भारत ने व जियोग्राफिकल इंडिकेशन ऑफ गुड्स एक्ट, 1999 बनाया ।

**महत्वपूर्ण पॉइंट:**

- हिमाचल प्रदेश की राजधानी: शिमला (ग्रीष्मकालीन), धर्मशाला (शीतकालीन);
- हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल: राजेंद्र अर्लेकर;
- हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री: जय राम ठाकुर।

4. **नई दिल्ली में हाइड्रोजन आधारित उन्नत ईंधन सेल इलेक्ट्रिक वाहन लॉन्च किया**



- एफसीईवी का शुभारंभ स्वच्छ ऊर्जा और निमन कार्बन मार्गों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत केंद्र का एक प्रयास है। यह परियोजना उस परियोजना के समान है जो पहले गुजरात के केवडिया में शुरू की गई थी।
- केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि केंद्रीय योजना के तहत सरकार ग्रीन हाइड्रोजन पर चलने वाली सिटी बसों को शुरू करना चाहती है।

5. **उत्तर प्रदेश सरकार ने से तीन साल के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर रोड टैक्स और पंजीकरण शुल्क में छूट देने का फैसला किया**



- उत्तर प्रदेश सरकार ने 14 अक्टूबर 2022 से तीन साल के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर रोड टैक्स और पंजीकरण शुल्क में छूट देने का फैसला किया है।
- उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग एंड मोबिलिटी पॉलिसी 2022 के अनुसार 13 अक्टूबर 2025 तक उत्तर प्रदेश में बेचे और पंजीकृत इलेक्ट्रिक वाहनों पर 100 प्रतिशत टैक्स छूट दी जाएगी।

**6. दी डेमोक्रेसी रिपोर्ट 2023 के चुनावी लोकतंत्र सूचकांक में भारत 108वें स्थान पर**



- दी डेमोक्रेसी रिपोर्ट 2023 के चुनावी लोकतंत्र सूचकांक में भारत 108वें स्थान पर है।
- भारत, तंजानिया, बोलीविया, मैक्सिको, सिंगापुर और यहां तक कि नाइजीरिया जैसे देशों से भी नीचे है।
- इस रिपोर्ट ने पिछले 10 वर्षों में भारत को शीर्ष 10 निरंकुश देशों में से एक के रूप में नामित किया है।

**7. महाराष्ट्र के चंद्रपुर और यवतमाल जिलों को जोड़ने वाले राजमार्ग पर दुनिया का पहला 200 मीटर लंबा बांस प्रेश बेरियर स्थापित किया**



- महाराष्ट्र के चंद्रपुर और यवतमाल जिलों को जोड़ने वाले राजमार्ग पर दुनिया का पहला 200 मीटर लंबा बांस प्रेश बेरियर स्थापित किया गया है।
- बहु बल्ली नाम के चांस दुर्घटना अवरोधक का इंदौर के पीथमपुर में नेशनल ऑटोमोटिव टेस्ट ट्रैक्स जैसे विभिन्न सरकारी संस्थानों में कड़ा परीक्षण किया गया।

**8. 31 भारतीय राज्यों ने महामारी के दौरान शुरू की गई राष्ट्रीय पीएम केयर्स फॉर विल्ड्रन योजना को लागू किया**



- बच्चों के लिए सामाजिक सुरक्षा पर आईएलओयूनिसेट की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 31 भारतीय राज्यों ने महामारी के दौरान शुरू की गई राष्ट्रीय पीएम केयर्स फॉर विल्ड्रन योजना को लागू किया है, जिसमें महामारी के कारण 10,793 पूर्ण अनाथ और 151,322 अर्ध- अनाथ योजना का लाभ उठा रहे हैं।

**9. भारत में एक परिसर स्थापित करने वाला पहला विदेशी विश्वविद्यालय ऑस्ट्रेलिया का डीकिन विश्वविद्यालय होगा**




- भारत में एक परिसर स्थापित करने वाला पहला विदेशी विश्वविद्यालय ऑस्ट्रेलिया का डीकिन विश्वविद्यालय होगा।
- यह स्वायत परिसर गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंशियल टेकसिटी में बनाया जाएगा।
- हाल ही में अहमदाबाद का दौरा करते हुए, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी नॉर्मन अल्बानीस द्वारा यह आधिकारिक घोषणा की गई।

### 10. वरूआ को सीईआरसी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया



- हाल ही में वरूआ को सीईआरसी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग की स्थापना भारत सरकार द्वारा विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम 1998 के प्रावधानों के तहत की गई है।
- इस आयोग में एक अध्यक्ष और चार अन्य सदस्य होते हैं।

**केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (CERC) के बारे में**

- सीईआरसी की स्थापना भारत सरकार द्वारा विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम, 1998 के प्रावधानों के तहत की गई है। सीईआरसी विद्युत अधिनियम, 2003 के प्रयोजनों के लिए केंद्रीय आयोग है जिसने ईआरसी अधिनियम, 1998 को निरस्त कर दिया है।
- आयोग में एक अध्यक्ष और चार अन्य सदस्य होते हैं, जिनमें अध्यक्ष, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण शामिल हैं, जो आयोग के पदेन सदस्य हैं।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **हाल ही में नितिन गडकरी ने किस राज्य में 7 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्धघाटन किया ?**
(A) बिहार
(B) मध्यप्रदेश
(C) उत्तर प्रदेश
(D) महाराष्ट्र

2. **हाल ही में जापान, अमेरिका, दक्षिण कोरिया और किस देश ने आपूर्ति श्रृंखला के लिए चिप 4 वार्ता शुरू की ?**
(A) ईरान
(B) अफगानिस्तान
(C) ताइवान
(D) पाकिस्तान

3. **भौगोलिक संकेतक प्राप्त कांगड़ा चाय किस राज्य से संबंधित है**
(A) हिमाचल प्रदेश
(B) असम
(C) हरियाणा
(D) उत्तर प्रदेश

4. **हाल ही में नई दिल्ली में हाइड्रोजन आधारित उन्नत ईंधन सेल इलेक्ट्रिक वाहन किसने लॉन्च किया ?**
(A) अरविंद केजरीवाल
(B) नरेंद्र मोदी
(C) अमित शाह
(D) हरदीप सिंह पुरी

5. **किस राज्य सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों के खरीदारों के लिए राज्य में रोड टैक्स और पंजीकरण शुल्क में छूट की घोषणा की ?**
(A) उत्तर प्रदेश
(B) मध्यप्रदेश
(C) छत्तीसगढ़
(D) सारखे

6. **वी - डेमोक्रेसी रिपोर्ट 2023 के चुनावी लोकतंत्र सूचकांक में भारत किस स्थान पर है?**
(A) 45वें
(B) 80वें
(C) 100वें
(D) 108वें

7. **किस राज्य के राजमार्ग पर दुनिया का पहला बांस क्रैश बैरियर स्थापित किया गया ?**
(A) केरल
(B) महाराष्ट्र
(C) कर्नाटक
(D) ओडिशा

8. **हाल ही में आईएलओ यूनिसेफ रिपोर्ट के अनुसार कितने भारतीय राज्यों ने बच्चों के लिए पीएम केयर्स योजना लागू की है ?**
(A) 15
(B) 27
(C) 31
(D) 33

9. **हाल ही में किस देश के डीकिन विश्वविद्यालय ने गुजरात के गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंशियल टेक सिटी GIFT शहर में अपना कैंपस स्थापित करने की घोषणा की?**
(A) जापान
(B) ऑस्ट्रेलिया
(C) अमेरिका
(D) चीन

10. **केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग के नए अध्यक्ष कौन बने ?**
(A) कमलेश आहुज
(B) नरोत्तम दास
(C) जिष्णु बरुआ
(D) मनोज आहूजा

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (b) | (c) | (a) | (d) | (a) | (d) | (b) | (c) | (b) | (c) |